इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in
से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 553] भोपाल, बुधवार, दिनांक 3 अक्टूबर 2018—आश्विन 11, शक 1940

पशुपालन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 3 अक्टूबर 2018

क्र. एफ 23-3-2018-पैंतीस.—पशुओं में संक्रामक एवं संसर्गजन्य रोगों के नियंत्रण तथा रोकथाम अधिनियम, 2009 (2009 का 27) की धारा 6 की उपधारा (1) एवं धारा 7 की उपधारा (1) एवं (2) के प्रावधानों के तहत जिला हरदा के नगर खिरकिया (नगर परिषद् खिरकिया) एवं जिला रायसेन के ग्राम घाटपिपरिया (तहसील बरेली विकासखण्ड बाड़ी) में ग्लैन्डर्स रोग के उद्भेद के कारण रोग के बचाव, नियंत्रण एवं उन्मूलन हेतु राज्य सरकार, एतद्द्वारा, राज्य के जिला हरदा के नगर खिरकिया (नगर परिषद् खिरकिया) एवं जिला रायसेन के ग्राम घाटपिपरिया (तहसील बरेली विकासखण्ड बाड़ी) तथा उसकी 10 कि.मी. की परिधि में आने वाले क्षेत्र को अश्व प्रजाति के पशुओं हेतु नियंत्रित क्षेत्र (Controlled Area) घोषित करती है. परिणाम स्वरूप अश्व प्रजाति के सभी पशुओं के जिला-हरदा के नगर खिरकिया (नगर परिषद् खिरकिया) एवं जिला-रायसेन के ग्राम घाटपिपरिया (तहसील बरेली विकासखण्ड बाड़ी) तथा उसकी 10 कि.मी. की परिधि में आने वाले क्षेत्र में आवागमन को प्रतिबंधित करती है, साथ ही इन पशुओं की दौड़, मेले, प्रदर्शनी, खेलकूद एवं एकत्रीकरण को प्रतिबंधित करती है.

No. F 23-3-2018-XXXV.—In exercise of the power conferred by sub-section (1) of Section 6 read with sub-section (1) and (2) of Section 7 of the Prevention and Control of Infectious and Contagious diseases in Animals Act, 2009 (No. 27 of 2009), the Government of Madhya Pradesh, hereby, declares city Khirkiya (Nagar parishad Khikiya, District Harda) and vllage Ghatpipariya (Tehsil Bareilly, Block Badi, District Raisen) and the area within 10 k.m.of its radius as "Controlled area" for equine species of animals to prevent and control and eradicate Glander disease and prohibits the movement of animals belonging to equine species from the place where they are kept to any other place within or outside the area and also prohibits the holding of races, fair, exhibition, games and gathering of such animals in the Khirkiya (Nage Parishad Khirkiya, District Harda) and village Ghatpipariya (Tehsil Bareilly, Block Badi, District Raisen) and the area within 10 k.m. of its radius.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रकाश जांगरे, उपसचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2018.